जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-9 | जयपुर, सोमवार, 28 फरवरी, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## राजस्थान बजट



बजट में 2023 का चुनाव | कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना बहाल

# 1.33 करोड़ महिलाओं को स्मार्ट फोन 1 लाख नौकरी, 50 यूनिट बिजली फ्री

जयपुर(नि.सं.)।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने बजट में कई बड़ी घोषणाएं की हैं। उन्होंने शहरों में रोजगार के लिए इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना लागू करने की घोषणा की है। अगले साल से शहरी क्षेत्रों में मनरेगा की तर्ज पर मांगे जाने पर 100 दिन का रोजगार मिलेगा। इस पर 800 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके साथ ही 1 करोड़ 33 लाख महिलाओं को स्मार्ट फोन देने और कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022-23 में डिस्ट्रिक्ट लेवल कमेटी (डीएलसी) रेट 10% की जगह केवल 5% बढ़ेगा। गहलोत ने ऑनलाइन गेम को रेगुलेट करने के लिए कानून लाने की घोषणा भी की है।

### जयपुर मेट्रो का होगा विस्तार

जयपुर में बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर तक और मानसरोवर से 200 फीट बाइपास तक मेट्रो के फेज-1 का विस्तार होगा। वहीं, अबांबाड़ी से सीतापुरा तक फेज-2 मेट्रो ट्रैक की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई जाएगी। इसके साथ ही जयपुर में वेस्ट रिसाइकल पार्क भी बनेगा। राजस्थान में लोगों के काम समय पर हों, इसके लिए राजस्थान गारंटेड सर्विस डिलीवरी एंड अकाउंटेबिलिटी एक्ट भी लाया जाएगा। इस एक्ट के तहत सरकारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराने का प्रावधान होगा। CM गहलोत ने बजट में कोई भी नया टैक्स नहीं लगाने की घोषणा की है। साथ ही एजुकेशन लोन के दस्तावेज दिखाने पर स्टांप ड्यूटी में 100 फीसदी छूट देने का एलान किया है।



स्टेट GSDP का 5.9 प्रतिशत

### शिक्षा



- 3800 सेकेंडरी स्कूल सीनियर सेकेंडरी में क्रमोन्नत करने की घोषणा।
- रेगिस्तानी जिलों में 200 नए प्राइमरी स्कूल खोले जाएंगे।
- जेएलएन मार्ग जयपुर की शिक्षण संस्थाओं को मिलाकर एजुकेशन हब बनेगा। 250 करोड़ खर्च होंगे। पोद्दार स्कूल, राधाकृषण लाइब्रेरी एजुकेशन हब के हिस्से होंगे।
- पैरा ओलिंपिक पदक विजेताओं को भी ओलिंपिक पदक विजेताओं की तरह ही जमीन और दूसरी सुविधाएं दी जाएंगी।

### युवा-रोजगार

- दिल्ली के उदयपुर हाउस में 500 युवाओं के लिए 300 करोड़ की लागत से नेहरू यूथ ट्रांजिट हॉस्टल एंड फेसिलेशन सेंटर बनेगा। इस सेंटर में दिल्ली में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवा ठहर सकेंगे।
- जुलाई 2022 में होगी रीट परीक्षा, पुराने अभ्यर्थियों को फीस नहीं देनी होगी। पहले की तरह ही मुफ्त यात्रा और सुविधाएं मिलेंगी।
- अगले साल सरकारी विभागों में 1 लाख पदों पर भर्तियां होंगी। मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम योजना लागू होगी, इसके तहत 20 हजार महिलाओं को घर बैठे रोजगार दिया जाएगा।
- सीआईएसएफ की तर्ज पर आरआईएसएफ के गठन की घोषणा। इसके तहत 2000 हजार सुरक्षाकर्मियों की भर्ती होगी। इनकी तैनाती रीको जैसे इंडस्ट्रियल एरिया में की जाएगी।
- राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना 2022 शुरू करने की घोषणा। इसमें 100 करोड़ की लागत से इंक्यूबेशन सेंटर खुलेंगे। वंचित वर्ग के लोगों को इंडस्ट्री शुरू करने के लिए 25 लाख तक सब्सिडी मिलेगी।

### कर्मचारी

- 1 जनवरी 2004 और उसके बाद नियुक्त सभी कर्मचारियों को नई पेंशन की जगह पुरानी पेंशन मिलेगी। - रिटायर्ड होने पर अब कर्मचारियों को पूरी पेंशन मिलेगी। अंशदायी पेंशन योजना खत्म। 2004 से पहले वाली पुरानी पेंशन प्रणाली फिर से बहाल होगी। वेतन की आधी पेंशन मिलेगी। नई पेंशन सिस्टम में कर्मचारी को खुद पैसा कटवाना होता था। अब पुरानी पेंशन बहाल। - 1 अप्रैल 2022 से संविदाकर्मियों की सैलरी 20 फीसदी बढ़ेगी।

### बिजली



- 50 यूनिट मुफ्त बिजली।
- सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 150 यूनिट तक 3 रुपए और 150 से 300 यूनिट तक 2 रुपए।
- इससे ऊपर के कंज्यूमर को भी स्लैब के हिसाब से लाभ। इस पर 4000 करोड़ का खर्च होगा।

### स्वास्थ्य



- चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना में 10 लाख तक का कवर मिलेगा। कॉकलियर इंप्लांट सहित कई गंभीर बीमारियां भी जोड़ी। जरूरतमंद व्यक्तियों का कलेक्टर चिरंजीवी स्वास्थ्य कार्ड के बिना भी फायदा दिला सकेंगें।
- सरकारी अस्पतालों में आउटडोर और इनडोर में हर तरह का इलाज कैशलेस, कोई पैसा नहीं लगेगा।
- मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा की घोषणा, 5 लाख तक का एक्सीडेंट कवर मिलेगा।
- अगले साल 18 बचे हुए 18 जिलों में नर्सिंग कॉलेज खुलेंगे, सभी जिलों में नर्सिंग कॉलेज होंगें। एसएमएस अस्पताल, जयपुर में 5 नए विभाग, रोबोटिक सर्जरी शुरू होगी, 300 करोड़ खर्च होंगे।
- अगले साल अजमेर, जोधपुर और कोटा में नए मेडिकल इंस्टीट्यूट पर 250 करोड़ खर्च होंगे।
- 1000 उपस्वास्थ्य केंद्र खोले जाएंगे, 50 उप स्वास्थ्य केंद्रों को क्रमोन्त्त करते हुए 100 नए पीएचसी खुलेंगे।
- जयपुर के एचसीएम रीपा में स्टेट रोड सेफ्टी इंस्टीट्यूट खुलेगा। रोड सेफ्टी एक्ट लाया जाएगा।

## पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन ने जताया मुख्यमंत्री का आभार




**जयपुर (हमारा वतन)** पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया । संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अशोक निठारवाल,प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम टेलर, प्रदेश प्रमुख कमलेश शर्मा ने बताया कि नई पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना को पुनः चालू करने, वेतन कटौती वापस लिए जाने और अन्य घोषणाओं को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जयपुर जाकर आभार जताया । इस दौरान आभार जताने के लिए भारी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे ।



लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !



सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी

निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9785438901, 8949138008

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# फ्रेश फेस ऑफ़ द ईयर सीज़न दो का 1 मार्च से होगा आगाज़

**सीकर (हमारा वतन)** ईआईसीडी एसोसिएशन है युवा एवं बाल कलाकारों को समाज में अपनी कला के माध्यम से अलग पहचान बनाने का अनोखा प्लेटफार्म, जिसमें भारतीय शास्त्रीय नृत्य कला एवं कलाकारों के हुनर को बढ़ावा दिया जाता है।



एफएफओटीवाई विश्व का पहला ऐसा प्लेटफार्म जिसमें विजेताओं को खूबसूरत क्राउन एवं सर्टिफिकेट ट्रॉफी एवं कैश प्राइज से सम्मानित किया जाता है ।

एसोसिएशन फाउंडर सिमरत कौर खोसला, सीकर राजस्थान ने बताया कि एफएफओटीवाई सीज़न 2 की शुरुआत ऑनलाइन प्लेटफार्म फेसबुक पेज ईआईसीडी 2020 पर मार्च 1, 2022 से की जाएगी ।

इस बार की प्रतियोगिता भी बेहद रोमांचक होगी, यह एक ऐसा प्लेटफार्म है जो समाज में भारतीय शास्त्रीय कला में रुचि रखने वाले कलाकारों को फ्रेश फेस ऑफ़ द ईयर के खिताब से सम्मानित कर एक अलग पहचान देता है। उन्होंने बताया कि वो निरंतर प्रयास में हैं, कि ऐसे यूनिक प्लेटफार्म से वो भारतीय संस्कृति एवम भारतीय शास्त्रीय नृत्य कला को बढ़ावा दे । नई पीढ़ी को इस कला के प्रति प्रोत्साहन एवं जागरूक कर जोड़े रखने की एक पहल है,जिससे हमारी संस्कृति की जड़ें और मज़बूत हो सकती हैं। मुंबई से प्रतिलेखा डी चौधरी, बिवाड़ी से रोजी शर्मा, दिल्ली से राजेश्वरी मेनन बतौर ज्यूरी शामिल रहेंगी।

# ब्राह्मण समाज ने दिया विप्र कल्याण बोर्ड अध्यक्ष को ज्ञापन

**जयपुर (हमारा वतन)** ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात के जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी के नेतृत्व में विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा को राजस्थान की प्रत्येक तहसील स्तर पर विप्र भवन बनाने एवं मंदिरों के पुजारियों को सम्मानजनक भत्ता/स्थाई वेतन दिलवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष तिवाडी ने बताया कि ब्राह्मण समाज अत्यंत दयनीय स्थिति में जीवन यापन कर रहा है । सामान्य वर्ग के व्यक्ति अपने बच्चों के विवाह तथा समाज के सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु एक निश्चित स्थान होना चाहिए जहां पर समाज के उत्थान हेतु चर्चा की जा सके और गरीबी विप्र अपने मांगलिक कार्यक्रम उसी जगह पर कर सके। प्रत्येक तहसील स्तर पर विप्र भवन का निर्माण कर समाज का उत्थान की दिशा में ठोस कदम उठा सके ।



साथ ही मंदिरों के पुजारियों की स्थिति अत्यंत दयनीय है वह भोग/प्रसादी आदि की भामाशाह के सहयोग से ही व्यवस्थित हो पा रहा है जिससे मंदिरों की सेवा अपेक्षित हो रही है । ऐसे तो मंदिरों के रखरखाव करने वाले पुजारियों को सम्मानजनक भत्ता/स्थाई वेतन दिलवाने के लिए मांग की । इस पर विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा आश्वासन दिया कि इन मांगों पर विचार करके इन पर आवश्यक कार्वाई की जाएगी । इस दौरान जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा ,जिला संगठन मंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## फिल्म टाइगर ऑफ राजस्थान की टीम ने गोविंद देव जी के मन्दिर में की अर्चना

**जयपुर (हमारा वतन)** कहते हैं कि जयपुर में गोविंद देव जी की आज्ञा के बिना पत्ता भी नहीं हिलता, बस इसी बात को ध्यान रखते हुए आने वाली फिल्म टाइगर ऑफ राजस्थान की पूरी टीम गोविंद देव जी के मन्दिर पहुंची और वही उनके चरणों में माथा टेक कर अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग के लिए आशिर्वाद मांगा और उसके बाद मंदिर के बाहर निर्धन व असहाय लोगों को भोजन वितरण किया ।

टीम में मुख्य भूमिका निभाने वाले नच बलिए फेम अरविंद कुमार के साथ मुख्य खलनायक की भूमिका निभाने वाले मुमताज सागर, सुभाष अग्रवाल, ओ पी शर्मा , निर्देशन टीम के अशोक बाफना व फिल्म में सहायक अभिनेत्री की भूमिका निभाने वाली भावना शर्मा और राजस्थान की पहली महिला बॉडी बिल्डर प्रिया सिंह व आर्टिस्ट लविशका सैनी, शैलेश भार्गव अन्य सामाजिक संस्थाओं के गोविंद व शत्रुंजय सिंह भी मौजूद रहे ।

# खादी जगत के स्तंभ रामबल्लभ अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि

**जयपुर (हमारा वतन)** गांधी विचारक, खादी जगत जगत के स्तंभ रामबल्लभ अग्रवाल की श्रद्धांजलि सभा राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, जयपुर में आयोजित की गई। राजस्थान समग्र सेवा संघ के प्रवक्ता अनिल गोस्वामी ने बताया कि 91 वर्षीय रामबल्लभ जी का निधन 21 फरवरी को मुंबई में हो गया था। अपने साथ गांधी विचार एवं खादी के लिए समर्पित रहे रामबल्लभ जी राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ में वर्षों तक मंत्री रहे एवं राजस्थान समग्र सेवा संघ के अध्यक्ष भी रहे थे। राजस्थान राज्य गांधी स्मारक निधि के मंत्री गोकुल भाई भट्ट स्मारक समिति व राजस्थान प्रदेश नशा बंदी समिति के मंत्री व अध्यक्ष भी रहे। वर्तमान में क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति, बस्सी के अध्यक्ष थे। रामबल्लभ जी की गोकुल भाई भट्ट के साथ शराबबंदी



आंदोलनों में अहम भूमिका रही । जिससे 1980 में एक बार सम्पूर्ण राजस्थान में शराबबंदी हुई। प्रदेश में गाँधीजी के बताए रचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने में उनकी महती भूमिका रही। इनके निधन पर राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर जयपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई । जिसमें राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ के पूर्व अध्यक्ष रामदास शर्मा, मंत्री अनिल शर्मा, मदनलाल नामा, राजस्थान समग्र सेवा संघ अध्यक्ष सवाई सिंह, प्रदेश नशाबंदी समिति अध्यक्ष धर्मवीर कटेवा, डॉ अवध प्रसाद, गोपाल शरण, जयसिंह राजोरिया व बड़ी संख्या में सर्वोदयी, गांधीवादी एवं संस्था संघ के समस्त कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# पंडित रविंद्र आचार्य ने की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से मुलाकात

**जयपुर (हमारा वतन)** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के जयपुर आवास पर मुलाकात की ।



वसुंधरा राजे सिंधिया से राजनीतिक बातों पर चर्चा हुई और रींगस भेरुजी आने का निमंत्रण दिया । सम्मान स्वरूप पुष्पगुच्छ, बटुक भैरव की प्रतिमा भेंट कर रींगस भेरुजी से उज्जवल भविष्य की कामना की ।

इस दौरान स्वयं द्वारा लिखित रविंद्र हस्त रेखा पुस्तक की प्रति भेंट की । साथ में पंडित अमित आचार्य , लक्ष्मी नारायण यादव आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# स्कूल ऑफ मैनेजमेंट यूईएम जयपुर द्वारा आयोजित हुई संगोष्ठी

**जयपुर (हमारा वतन)** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से यूनिवर्सिटी कैंपस में पोस्ट महामारी अपॉर्चुनिटीज एंड चैलेंजेज फॉर एंटरप्रेन्योर्स पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया।प्रोफेसर डॉ अनिरुद्ध मुखर्जी डीन अकादमिक, प्रोफेसर डॉ प्रदीप शर्मा रजिस्ट्रार, प्रोफेसर डॉ प्रीति शर्मा हेड स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने डॉ बिजय कुमार कंदेल का स्वागत किया और अकादमिक सहयोग के बारे में चर्चा की । यूएनआईसीएफ़ यूनिवर्सिटी कैंपस, साइप्रस के प्रोफेसर बिजय कुमार कंदेल ने पोस्ट महामारी अवसर और उद्यमियों के लिए चुनौतियां विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने उद्यमियों की उत्पत्ति और उनके उद्यमों में उनके सामने आने वाली वास्तविक जीवन की चुनौतियों के बारे में अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने



इस बात पर भी चर्चा की कि एकता ही इन चुनौतियों का समाधान है। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

हेड स्कूल ऑफ मैनेजमेंट प्रोफेसर डॉ प्रीति शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय में नियमित रूप से ऐसे सत्र आयोजित किए जाते हैं जो प्रबंधन स्नातकों को उद्यमिता को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं, उद्यमी बनना कभी आसान नहीं होता है, लेकिन यह उतना जोखिम भरा नहीं हो सकता जितना लोग सोचते हैं। इसमें लंबे दिन, कामकाजी सप्ताहांत और कई तरह की अज्ञात चीजों से निपटना शामिल है, जो ज्यादातर लोगों को शुरू होने से पहले ही छोड़ देते हैं।

संगोष्ठी में सभी प्रबंधन संकायों सहित 82 बीबीए और एमबीए छात्रों ने भाग लिया। डॉ राहुल शर्मा, डॉ मनीषा सिंह, डॉ भास्कर अरोड़ा डॉ अंतिमा डॉ अनिमिका, प्रोफेसर श्वेता पारीक और सुश्री निकिता शर्मा ने संसाधन व्यक्ति के साथ बातचीत की और संगोष्ठी में सक्रिय रूप से भाग लिया।

## अशोक पाल युवाओं को कर रहे नशा न करने को जागरूक

**रुड़की (हमारा वतन)** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिझौली में नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत छात्रों को नशा न करने के प्रति जागरूक किया गया । क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम के शिक्षक अशोक पाल को नशा मुक्त कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है । इस दौरान विद्यालय स्तर पर प्रहरी क्लब का भी गठन किया गया । प्रधानाचार्य नीरज नैथानी ने कहा कि नशा जीवन के लिए सबसे घातक है । बच्चों से उनका भविष्य छीनने के साथ ही नशा युवा पीढ़ी को अपराध की ओर भी ले जा रहा है । इसलिए नशे के खिलाफ जन जागरूकता बेहद जरुरी है।



नोडल अधिकारी अशोक पाल ने छात्रों को नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी देने के साथ उन्हें नशा न करने की शपथ दिलाई । अशोक पाल ने कहा कि युवा और देश का बचपन तेजी से नशे की चपेट में आ रहा है, जो बेहद ही दुखद है । राष्ट्रीय स्तर पर जारी आंकड़े अपराध के पीछे नशे को भी बड़ी वजह मानते हैं । घरों के टूटने की मुख्य वजह भी नशा ही है । उन्होंने छात्रों से दूसरों को भी नशे से होने वाले नुकसान के विषय में जागरूक करने और नशा न करने के प्रति जागरूक करने की बात कही । कहा कि युवा पीढ़ी इसमें बेहद अच्छी भूमिका निभा सकती है ।

## महिला दिवस पर 6 मार्च को होगा महिला गौरव अवॉर्ड समारोह

**जयपुर (हमारा वतन)** चौमूं शहर में वूमन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा महिलाओं को सशक्त करने के उद्देश्य से महिला दिवस पर 6 मार्च को चौमूं शहर में महिला गौरव अवॉर्ड समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा । सोसायटी अध्यक्ष जगविंद्र कौर ने बताया कि यूं तो हर बार महिला गौरव अवॉर्ड समारोह का आयोजन सोसाइटी द्वारा किया जाता है, लेकिन इस बार करीब 500 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष कार्य किए हैं । समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा




प्रदेश मुख्य प्रवक्ता और चौमूं विधायक रामलाल शर्मा होंगे । गौरतलब है कि वूमन वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष जगविंद्र कौर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए लगातार प्रेरित कर रही हैं और आर्थिक सहायता उपलब्ध करवा रही हैं ।

## जॉब्स

1. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, पद आरबीआई असिस्टेंट, पद संख्या 950, अंतिम तिथि तिथि 8 मार्च 2022
2. भारतीय नौसेना, पद ट्रेड्समैन, पद संख्या 1531, अंतिम तिथि 20 मार्च 2022
3. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद कंप्यूटर अनुदेशक, पद संख्या 10157, अंतिम तिथि 9 मार्च 2022
4 .स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी) सीएचएसएल 2021, पद एलडीसी, जेएसए, डीईओ, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 7 मार्च 2022
5. सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ), पद हेड कांस्टेबल, पद संख्या 249, अंतिम तिथि 31 मार्च 2022
6. बैंक नोट प्रेस देवास, पद जूनियर टेक्नीशियन, पद संख्या 81, अंतिम तिथि 28 मार्च 2022
7. इंडियन नेवी, पद पायलट व अन्य, पद संख्या 155, अंतिम तिथि 12 मार्च 2022
8. ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड, पद माइनिंग सरदार, पद संख्या 309, अंतिम तिथि 10 मार्च 2022




# हिना खान ने पैरेट ग्रीन टॉप और डेनिम स्कर्ट में दिए किलर पोज़, देखें ग्लैमरस अंदाज



सोशल मीडिया पर हिना खान काफी एक्टिव रहती हैं और वो अक्सर अपनी लेटेस्ट फोटोज़ फैन्स के साथ साझा कर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। इन फोटोज़ में हिना का ग्लैमरस अंदाज फैन्स को खूब भा रहा है, तो आइए आपको दिखाते हैं उनकी ये तस्वीरें। हिना खान की ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर आते ही वायरल हो गई हैं, जिन पर फैन्स का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। अपनी इन लेटेस्ट फोटोज़ में हिना खान पैरेट ग्रीन टॉप और डेनिम स्कर्ट में बला की हसीन नजर आ रहीं हैं। हिना खान ने बालों में एक फंकी बैंड, स्लीपर्स, ग्रीन शेड्स और ईयररिंग्स के साथ अपने लुक को कम्प्लीट किया। सोशल मीडिया पर हिना खान के लाखों फैन्स हैं, जो उनकी तस्वीरों पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि हिना खान ने टीवी के अलावा कई बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है। सोशल मीडिया पर हिना खान कभी अपने ट्रेडिशनल लुक, कभी ग्लैमरस अंदाज तो कभी बोल्ड अवतार से धमाल मचाती रहती हैं। हिना खान ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए इन्हें कैप्शन दिया ।

# 9 डिग्री सेल्सियस में सुमोना चक्रवर्ती ने बढ़ाया तापमान, वेकेशन की तस्वीरों में दिखाया ग्लैमरस अवतार

टीवी ऐक्ट्रेस सुमोना चक्रवर्ती हाल में ही दोस्त विक्रांत मैसी की शादी में नजर आई थीं। दूल्हे विक्रांत के साथ सुमोना चक्रवर्ती ने पोस्ट शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर विक्रांत मैसी और शीतल ठाकुर को बधाई देते दी थी। उन्होंने लिखा था कि अब शीतल हमारी ऑफिशियल बहू बन गई हैं। दरअसल सुमोना चक्रवर्ती विक्रांत को भाई मानती हैं। अब वह शादी के बाद छुट्टियों पर निकल चुकी हैं। यहां से सुमोना चक्रवर्ती ने ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर फैंस का ध्यान खींचा है। इंस्टाग्राम पर द कपिल शर्मा शो फेम सुमोना चक्रवर्ती ने हॉलीडे की तस्वीरों को साझा किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ढेर सारी तस्वीरें शेयर कर अपने वेकेशन के बारे में बताया। एक तस्वीर में सुमोना चक्रवर्ती 9 डिग्री सेल्सियस में मोनोकनी में तापमान गरम करती नजर आ रही हैं। इसके अलावा उन्होंने रिजॉर्ट से भी तस्वीरें शेयर की। सुमोना चक्रवर्ती चक्रवर्ती कहां छुट्टियां मना रही हैं इस बारे में तो उन्होंने डिटेल नहीं बताई लेकिन सोशल मीडिया पर सुमोना चक्रवर्ती के ढेर सारे फैंस ने उनकी तस्वीरों को शेयर किया है।बता दें सुमोना चक्रवर्ती ने कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर बताया था कि वह एक बीमारी से जूझ रही हैं जिसकी वजह से वह काफी परेशान रही हैं। उन्होंने बताया था कि वह साल 2011 से स्टेज-4 एंडोमेट्रियोसिस से जूझ रही हैं। ये एक महिलाओं में होने वाली गर्भाशय से संबंधित समस्या है। सुमोना चक्रवर्ती ने लॉकडाउन में पोस्ट शेयर करते हुए ये भी कहा था कि वह बेरोजगार है। महामारी के चलते काम मिलने में ज्यादा दिक्कतें आ रही हैं। उनके पास काम नहीं है लेकिन वह परिवार और खुद का पालन कर रही हैं।



# उर्फी जावेद ने लगाया कास्टिंग डायरेक्टर पर सेक्शुअल फेवर मांगने का आरोप, सपोर्ट में उतरे प्रियांक शर्मा



उर्फी जावेद ने कास्टिंग डायरेक्टर ओबेद जाफरी पर यौन फेवर मांगने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके जैसी मुंबई आई यंग लड़कियों से ओबेद ने सेक्शुअल फेवर मांगा था। उर्फी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कई स्क्रीनशॉट्स भी शेयर किए हैं। इस बात के सामने आने के बाद प्रियांक शर्मा ने भी कई खुलासे किए हैं। साथ ही उर्फी का सपोर्ट भी किया है।बिग बॉस OTT फेम उर्फी जावेद आए दिन सुर्खियों में रहती हैं। एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने कास्टिंग डायरेक्टर ओबेद जाफरी पर सेक्शुअल फेवर मांगने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके जैसी मुंबई आई यंग लड़कियों से ओबेद ने सेक्शुअल फेवर मांगा था। उर्फी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कई स्क्रीनशॉट्स भी शेयर किए हैं। जहां वह बता रही हैं कि डायरेक्टर ने उनसे गलत व्यवहार किया और गंदी बातें भी कीं। साथ ही ये भी आरोप लगाया कि अफरीदी ने एक म्यूजिक वीडियो में कॉम्प्रोमाइज करने के लिए भी कहा था। इस बात के सामने आने के बाद प्रियांक शर्मा ने भी कई खुलासे किए हैं। साथ ही उर्फी का सपोर्ट भी किया है।उर्फी के दूसरे स्क्रीनशॉट में जिस तरह उन्होंने डायरेक्टर को एक्सपोज किया है, उसके लिए ओबेद उनका मजाक उड़ा रहे हैं। डायरेक्टर ने लिखा कि उर्फी के पोस्ट पर कोई भी ध्यान नहीं देगा। लेकिन उर्फी ने उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया और उन स्क्रीनशॉट्स को भी शेयर किए, जिसमें बाकी लड़कियों ने अफरीदी के खिलाफ खुलकर बोला है। बताया है कि उन्होंने जब अपने पैसे मांगे, तो अफरीदी ने उन्हें भद्दे और घटिया कमेंट करने शुरू कर दिया थे। इसके अलावा उर्फी ने एक लंबा-चौड़ा पोस्ट भी लिखा है। बताया है कि वह ये सब पैसों के लिए नहीं कर रही हैं, जो अफरीदी के पास बाकी हैं। वह ये सब इसलिए कर रही हैं क्योंकि वह सेक्शुअल प्रीडेटर है।

# क्या आप सही तरीके से पानी पी रहीं हैं?

## हमने एक्सपर्ट से जाना इसके बारे में सब कुछ



जिस तरह भोजन करने का एक सही तरीका और एक उचित समय होता है, उसी प्रकार पानी पीने का भी एक सही तरीका होता है। लेकिन क्या आपको पानी पीने के सही तरीके के बारे में जानकारी हैं?क्या आप घर लौटते ही गट-गट पानी पी जाती हैं? या खाना खाते समय जब बहुत मिर्च लगती है तो गिलास भर कर पानी पी लेती हैं? अगर इन दोनों का जवाब हां है, तो आप बहुत गलती कर रहीं हैं। क्योंकि जिस तरह खाना खाने का एक सही समय और तरीका होता है, उसी तरह पानी पीने का भी एक सही तरीका और मात्रा होती है। इस बारे में और जानना चाहती हैं तो इसे पढ़ती रहें।

**क्या कहती हैं मां और दादी**-आपने अक्सर अपनी दादी-नानी को कहते सुना होगा कि खड़े होकर पानी नहीं पीना चाहिए, या दौड़ के या चल के आ कर तुरंत पानी नहीं पीना चाहिए, एक सांस में पानी नहीं पीना चाहिए। है ना? इसके लिए वे बहुत सारे कारण गिनाती हैं। पेट फूलने से लेकर घुटनों में दर्द होने तक। पर क्या वाकई ऐसा है? यही जानने के लिए हमने एक एक्सपर्ट से संपर्क किया। फोर्टिस एस्कॉर्ट अस्पताल फ़रीदाबाद के सीनियर कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजी डॉ तेजेंद्र सिंह चौहान पानी पीने के सही तरीके के बारे में विस्तार से बात कर रहे हैं।

**हमारी सेहत के लिए सबसे जरूरी है पानी** -डॉ तेजेंद्र बताते हैं,आपका शरीर लगभग 70% पानी है, और इसे पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहतर स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। हमारे शरीर का चलना-फिरना पानी पर निर्भर करता है। यह एक यूनिवर्सल सॉल्वेंट है, जिसमें शरीर की सारी क्रियाएं चलती है। यह शरीर की गंदगी को पेशाब, पसीना तथा पेट के रास्ते से बाहर निकालता है जिससे हमारे शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है,। वहीं सेंटर ऑफ़ डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के अनुसार पानी आपके शरीर में कई भूमिकाएँ निभाता है, जिसमें इलेक्ट्रोलाइट संतुलन और रक्तचाप बनाए रखना, जोड़ों को चिकनाई देना, शरीर के तापमान को नियंत्रित करना और सेल स्वास्थ्य को बढ़ावा देना शामिल है। बदलते मौसम में पानी की कमी हमें कई स्वास्थ्य जोखिम में डाल सकती है जिसमें, पेट से जुड़ी समस्याएं, थकान,कमजोरी, शामिल है।

**जानिए क्या है आयुर्वेद की राय?**

आयुर्वेद में सदियों से पानी पीने के सही तरीके पर जोर दिया गया है। बसंत लाड की एक किताब 'द कम्प्लीट बुक ऑफ आयुर्वेदिक होम रेमेडीज' में इसके बारे में विस्तार से समझाया गया है। किताब के अनुसार, पानी चेतना की अभिव्यक्ति है। पानी में वह सभी गुण मौजूद हैं जो यह अणुओं को एक साथ लाता है।यह शरीर में प्लाज्मा, साइटोप्लाज्म, सीरम, लार, नाक स्राव, मस्तिष्कमेरु द्रव, मूत्र और पसीने के रूप में मौजूद होता है। इसलिए पोषण के अवशोषण और हमारे जीवन को बनाए रखने के लिए पानी महत्वपूर्ण है। अगर हमारे शरीर में पानी नहीं रहेगा तो हमारे कोशिकाएं जीवित नहीं रह सकेंगे।

**पानी पीते समय जरूर रखें इन बातों का ध्यान** -डॉ तेजेंद्र के अनुसार पानी कैसे पीना चाहिए इस दिशा में कोई शोध नहीं हुआ है पर शरीर के मेटाबॉलिज्म के आधार पर यह पाया जाता है कि गिलास में भरकर घुट घुट पानी पीना प्यास को सही ढंग से बुझाता है इसके विपरीत बोतल से सीधा पानी पीना उचित नहीं है। हालांकि नीचे पानी पीने की कुछ तरीकों के बारे में विश्लेषण किया गया है जो आपकी सेहत को बरकरार रखने में सहायता करेंगे।

**हमेशा बैठकर पीना चाहिए पानी**-आयुर्वेद सलाह देता है कि पानी हमेशा बैठ कर ही पीना चाहिए क्योंकि जब आप खड़े होकर पानी का सेवन करते हैं तो पानी सीधे कोलन तक पहुंच जाता है।






# वर्ल्ड कप में हरमनप्रीत कौर होंगी उपकप्तान

## मिताली राज ने किया कंफर्म, न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में दीप्ति शर्मा थी वाइस कैप्टन

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम की स्टार बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर वनडे वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की उपकप्तान होंगी। टीम इंडिया की कप्तान मिताली राज ने शनिवार को इस बात की पुष्टि की है। बता दें कि न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल गए वनडे सीरीज के दौरान दीप्ति शर्मा टीम की उपकप्तान थी।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे मैच में नहीं खेली थी हरमनप्रीत** -न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे मुकाबले में हरमनप्रीत टीम का हिस्सा नहीं थी। वहीं, जब उन्होंने पांचवे मैच में वापसी की तो दीप्ति शर्मा ही टीम की उपकप्तान थीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मिताली राज ने कहा, आखिरी के दो वनडे मैचों में दीप्ति टीम की उपकप्तान थीं क्योंकि ये टीम सेलेक्टर्स और बोर्ड का फैसला था, लेकिन वर्ल्ड कप के लिए हरमनप्रीत ही टीम की उपकप्तान होंगी।

**4 मार्च से शुरू हो रहा वर्ल्ड कप**- ICC महिला वर्ल्ड कप का आगाज 4 मार्च से न्यूजीलैंड में हो रहा है। पहला मुकाबला न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेला जाएगा। भारतीय टीम 6 मार्च को अपना पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद टीम 10 मार्च को न्यूजीलैंड, 12 मार्च को वेस्टइंडीज और 16 मार्च को इंग्लैंड के खिलाफ भिड़ेगी। इसके बाद भारत का 19 मार्च को ऑस्ट्रेलिया, 22 मार्च को बांग्लादेश और 27 मार्च को साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला है। वर्ल्ड कप में 8 टीमें हिस्सा लेने वाली है। टीम इंडिया आज तक एक भी महिला वर्ल्ड कप नहीं जीत पाई है।

# टोक्यो ओलंपिक मेडलिस्ट मीराबाई चानू ने जीता गोल्ड कॉमनवेल्थ गेम्स क्वालीफाई



नई दिल्ली। टोक्यो ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट भारतीय महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने सिंगापुर भारोत्तोलन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीतकर कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए 55 किग्रा भार वर्ग में किया क्वालीफाई कर लिया। पहली बार 55 किग्रा भार वर्ग में भाग ले रहीं चानू ने कुल 191 किग्रा (86 किग्रा और 105 किग्रा) भार उठाया। उन्हें किसी तरह की चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा और वह आसानी से पहले स्थान पर रहीं। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि ऑस्ट्रेलिया की जेसिका सेवास्टेंको दूसरे स्थान पर रही जबकि उन्होंने कुल 167 किग्रा (77 किग्रा + 90 किग्रा) वजन उठाया, जो चानू से 24 किग्रा कम था। मलेशिया की एली कैसेंड्रा एंगलबर्ट 165 किग्रा (75 किग्रा + 90 किग्रा) के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रही। दिसंबर में विश्व चैंपियनशिप से हटने वाली चानू की पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीतने के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद यह पहली प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता थी।

# वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले रोहित शर्मा को MCA करेगी सम्मानित, ये खिलाड़ी भी होंगे शामिल



नई दिल्ली। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने अब तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया की कमान अपने हाथों में ले ली है। उनकी कप्तानी में टीम लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। वनडे और टी20 में कप्तानी करने के बाद रोहित अब मार्च में श्रीलंका के खिलाफटेस्ट सीरीज में भी टीम की कप्तानी संभालेंगे। तीनों फॉर्मेट में रोहित को कप्तानी मिलने के बाद मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने रोहित को सम्मानित करने का फैसला किया है। रोहित मुंबई क्रिकेट टीम से ही निकलकर टीम इंडिया में पहुंचे हैं। वह मुंबई क्रिकेट टीम की कप्तानी भी कर चुके हैं। रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया का लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में घर में खेला गया यह 16वां मुकाबला था। और भारत ने अब तक इन 16 मैचों में से 15 में जीत दर्ज की है।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

**क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,**
**कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# बाघों की बढ़ती मौत चिंता का विषय



राम गोपाल सैनी

वन्यजीव प्रकृति की धरोहर हैं। वन्य प्राणियों की सुरक्षा हमारा मानवीय व राष्ट्रीय धर्म भी है। लेकिन इंसान की पैसा कमाने की लालच संरक्षित प्राणियों पर भारी पड़ रही है। भारत में वन्यजीवों के संरक्षण के लिए अनगिनत कानून होने के बावजूद भी संरक्षित जंगली प्राणियों की मौत का सिलसिला नहीं थम रहा है। हमारे लिए यह बेहद शर्मनाक और चिंता का विषय है। बाघ यानी टाइगर संरक्षित वन्यजीव है। फिर भी हम बाघों की मौत पर लगाम नहीं लगा पा रहे। जबकि देश में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण भी कार्यरत है।राज्यसभा में वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव का संरक्षित वन्यप्राणी बाघ के सम्बन्ध में यह बयान चौंकाने वाला है। हमारी बाघ संरक्षण नीति पर ही यह सवाल उठाता है। भारत में सालदरसाल बाघों की मौत चिंता का विषय है। साल 2021 में 127 बाघों की मौत हुई। यह आंकड़ा साल 2020 से अधिक है। इस साल 106 बाघों की मौत हुई थी। 2019 में यह आंकड़ा 96 था यानी देश के वनीय, पर्वतीय और संरक्षित टाइगर इलाकों में बाघों की मौत थम नहीं रही। बाघों के शिकार पर भी हम रोक लगाने में पूरी तरह सफल नहीं हैं।संरक्षित बाघों की मौत के पीछे जलवायु परिवर्तन का मुद्दा भी मुख्य हो सकता है। इसके अलावा संरक्षित वन क्षेत्रों में दूसरी सुविधाओं का भी असर उनकी मौत पर पड़ता है। पर्याप्त भोजन की सुलभता, बीमारी की हालत में समय पर इलाज उपलब्ध ना होना। तीन सालों से जारी कोरोना महामारी भी इसका कारण हो सकती है। क्योंकि वन्यजीवों में भी कोविड के लक्षण पाए गए थे। वृद्धावस्था की वजह से भी इनकी मौत होती है। जंगल के संरक्षित इलाके में आपसी संघर्ष में इनकी जान चली जाती है। जंगल से निकल कर सड़कों पर आते हैं तो सड़क दुर्घटनाओं में भी इन्हें अपनी जान गवानी पड़ती है। बिजली करंट की चपेट में आने से भी हादसे होते हैं। इसके अलावा शिकारियों की तरफ से किया गया शिकार भी इनकी मौत का कारण बनता है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार साल 2021 के दिसंबर माह तक 127 बाघों में से 60 की मौत संरक्षित वन क्षेत्र के बाहर हुई।

# पूर्वजों की दी गई परम्परा है खेतों में हल से कृषि कार्य : डॉ त्रिलोक सोनी



**देहरादून (हमारा वतन)** पर्वतीय ग्रामीण क्षेत्रो में आज भी बैलों की जोड़ी से हल चलाकर कृषि का कार्य किया जाता है ।जहाँ प्रौद्यौगिकी विकास से नई तकनीकी कृषि यंत्रो का निर्माण हुआ है । वही आज भी गांव के लोग अपने पूर्वजों की पुरानी परम्परा हल से कृषि को जीवित बनाये हुए हैं। सीढ़ीनुमा खेत जहां सुंदर मनमोहक दिखते हैं ,वही भौगोलिक विषमताओं के कारण तकनीकी के इस युग में मशीनी यंत्रों से कोसो दूर है। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी कहते हैं कि हल से कृषि कार्य की परम्परा हमारे पूर्वजों की देन है । गांव में सड़के नही थी । जीवित रहने के लिए भोजन की आवश्यकता थी । उस समय कृषि पर ही निर्भर रहते थे । धान, गेंहू, जौ, मडुवा, झंगोरा, आलू, दालें व साग सब्जी बोया करते थे । खेते छोटे -छोटे व सीढ़ीनुमा होते थे । ऐसी जगह बैलों से ही कृषि का काम किया जा सकता था । उस समय हर परिवार गाय, बैल, भैस व बकरी का पालन किया करते थे । उनके गोबर से खेतो में खाद का प्रयोग किया करते थे, जिसे आज जैविक कृषि के नाम से जाना जा रहा है । ग्रामीण परिवेश का मेरा जीवन होने से मैंने बहुत हल चलाकर कृषि कार्य किया है । आज भी मुझे मौका मिलता है तो मैं हल चलाता हूं।

वृक्षमित्र कहते हैं उस समय गांव में बेटे के लिए कृष्याड़ बहु यानि की मेहनती बेटी देखकर रिश्ता किया जाता था जो खेतों का काम कर सके। वे बहुत मेहनती होते थे। यही मेहनत उनका व्यायाम व योगा होता था और यही शारिरीक कार्य उनका तंदुरुस्ती का राज था।

# चौमूं विधानसभा में होगा क्रिकेट महाकुम्भ का आगाज




**चौमूं (हमारा वतन)** ग्रामीण युवा कल्याण संस्था चौमूँ के तत्वाधान में आयोजित होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर चौमूँ स्थित अंकित रेस्टोरेंट में पोस्टर का विमोचन विधायक रामलाल शर्मा ने किया। इस मौके पर विधायक रामलाल शर्मा ने प्रेस वार्ता में बताया कि 18 साल से 25 साल के युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है एवं विधानसभा क्षेत्र के सभी 226 बूथों की एक-एक टीम बनाकर पहले ग्राम पंचायत स्तर पर मैच करवाए जाएंगे, जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत से एक टीम चुनी जाएगी। तत्पश्चात विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों जिसमें कालाडेरा मंडल से 14 टीम, गोविंदगढ़ मंडल से 14 टीम, बांसा मंडल से 11 टीम और चौमूँ नगर मंडल से 9 टीम होगी, जिनके बीच आगामी मुकाबले खेले जाएंगे और सेमी फाइनल और फाइनल राउंड होगा। सभी टीमों को ड्रेस कोड संस्था द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा। फाइनल विजेता टीम को संस्था द्वारा 51000 रूपए की नगद राशि और पूरी टीम को विधायक रामलाल शर्मा के साथ हवाई यात्रा करवाई जाएगी।

कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्षों द्वारा संचालित किया जाएगा तथा टीमों के गठन के लिए चारों मंडलों से जिसमें चौमूँ मंडल से मेघराज चौधरी, बांसा मंडल से कालूराम बड़बड़वाल, गोविंदगढ़ मंडल से भास्कर शर्मा और कालाडेरा मंडल से लालचंद यादव को नियुक्त किया गया है।

विधायक शर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है और चौमूँ विधानसभा क्षेत्र की प्रतिभाओं को राजस्थान क्रिकेट संघ और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। पंचायत समिति गोविंदगढ़ द्वारा 15 खेल मैदानों को तैयार करवाया गया है, जिसमें प्रत्येक मैदान में 10- 10 लाख रुपयों के विकास कार्य प्रगति पर है।

इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, गोविंदगढ़ मंडल अध्यक्ष साधुराम गुर्जर, कालाडेरा मंडल अध्यक्ष बनवारी शर्मा, कालूराम बड़बड़वाल, पंचायत समिति सदस्य लालचंद यादव, भास्कर शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**

**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**

# श्री शिरडी साई मंदिर में हुआ कोटा से श्याम पद यात्रियों का ठहराव

**चौमूं (हमारा वतन)** चौमूं तहसील के इटावा भोपजी स्थित साईं नाथ मंदिर में कोटा से खाटू श्याम जाने वाले पद यात्रियों का ठहराव हुआ है। मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी कोटा से खाटू श्याम जी को जाने वाले पद यात्रियों का ठहराव मंदिर परिसर में रखा गया है और उनके भोजन प्रसादी का प्रबंध भी किया गया है । श्री श्याम पदयात्रा तलवंडी कोटा के सदस्य दिनेश अग्रवाल ने बताया कि कोटा से खाटू श्याम के लिए 5 दिन की पदयात्रा होती है जिसमें पहला ठहराव साईं मंदिर में होता है । कुल 25 पद यात्री और 14 निशान लेकर बाबा श्याम के दर्शन करते हैं और देश, प्रदेश की खुशहाली की कामना करते हैं । इस दौरान ओम प्रकाश प्रजापति, अनिल प्रजापति, मनीष प्रजापति, सुभाष अग्रवाल, मनोरमा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, यशिका गुप्ता, अनीता प्रजापत, जितेंद्र सिंह नाथावत, भूपेंद्र सिंह नाथावत, नवदीप सिंह नाथावत, कैलाश जाट बनवारी, ठेकेदार मदन लाल जाट आदि लोग मौजूद रहे।

# देवथला गाँव में सौगना परिवार ने की लाइब्रेरी में कंप्यूटर लैब बनाने की घोषणा



**जयपुर (हमारा वतन)** गोविन्दगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत देवथला में गांव के भामाशाह अपनी मातृभूमि के विकास के लिए कटिबद्ध है । अपने गांव पधारे सांवरमल सौगना का ग्राम पंचायत और कन्या पाठशाला में भव्य स्वागत किया गया । सौगना परिवार ने ग्राम पंचायत स्थित लाइब्रेरी में कंप्यूटर लेब बनवाने और कन्या पाठशाला में बच्चों को दो - दो ड्रेस, स्कूल बैग, टाई, बेल्ट और शूज देने की घोषणा की । साथ ही स्कूल के प्रधानाचार्य कक्ष में एसी लगाने की घोषणा भी की ।

इस मौके पर पूर्व जिला पार्षद और सरपंच प्रतिनिधि हनुमान सहाय दुसाद ने सौगना परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा की सौगना परिवार हमेशा ग्राम के लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं ।

इस दौरान पंचायत समिति सदस्य हरफूल कुमावत, दाउद खा कन्या पाठशाला प्रधानाचार्य,बजरंग लाल कुमावत, मनोहर मीणा, एलडीसी चंपा , वार्ड पंच नरसिंह लाल कुमावत, रवि शर्मा, अजय शर्मा, विकास वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता , छात्राएं एवं ग्रामवासी मौजूद रहे ।




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा